राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः एफ–3(ख)/नोटिस/2017–18/अलेसे–II 2787 दिनांक–23.03.18

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश दिनांक 01.11.2017 द्वारा श्री मोनू जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय का स्थानान्तरण अधीक्षण अभियंता, खण्ड राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जालौर से ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) किशनगढ़, अजमेर में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री जैन द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है। इससे पूर्व विभागीय आदेश दिनांक 04.07.2017 के द्वारा श्री जैन का स्थानान्तरण जिला परिवहन अधिकारी, जालौर से अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, जालौर किया गया था।

श्री मोनू जैन को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जालौर से **दिनांक 23.03.2018 मध्यान्ह पश्चात् एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते है कि श्री जैन नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp-ta-rj@nic.in / दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

इसके अतिरिक्त श्री मोनू जैन को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक न किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें** अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहे।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः एफ–3(ख)/नोटिस/2017–18/अलेसे–II 2787 दिनांक– 23.03.18

प्रतिलिपिः–

1. जिला परिवहन अधिकारी, जालौर।
2. अधीक्षण अभियंता, खण्ड राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जालौर।
3. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) किशनगढ़, अजमेर।
4. श्री मोनू जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जालौर।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

प्रति उप निदेशक (कम्प्यूटर) अपलोड करने हेतु



D:/sas-ii/vermaji/order.docx